## सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी (राजस्थान)

**विज्ञापन सं. PF-04/2025** **Dated: 29.05.2025**

**"ऑनलाइन साक्षात्कार"**

**सीएसआईआर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान सीएसआईआर सीरी** इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में एक अग्रणी अनुसंधान संस्थान है, जिसकी स्थापना वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद CSIR के अंतर्गत की गई है। संस्थान में चल रही विभिन्न परियोजनाओं के लिए परियोजना स्टाफ के निम्नलिखित पदों हेतु योग्य अभ्यर्थियों से केवल **अस्थायी नियुक्ति** के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

**अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व "आवेदन करने के निर्देश" ध्यानपूर्वक पढ़ें।**

**परियोजना स्टाफ की नियुक्ति** हेतु **ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित किए जाते हैं।

**रिक्तियों एवं पात्रता का विवरण**

| पद कोड | परियोजना सं. एवं शीर्षक | क्षेत्र/समूह | नाम एवं पदों की संख्या | ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि (06.06.2025) को अनिवार्य अर्हता | आयु | समेकित परिलब्धियाँ प्रतिमाह (नियत) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3276 | **आईएचपी 202403**<br><br>सूक्ष्मतरंग आधारित अनाज नमी विष्लेषक का डिजाइन एवं विकास | उच्च आवृत्ति युक्तियाँ एवं प्रणाली समूह | पीएटी-1<br>एवं<br>01 | ईसीई/इलेक्ट्रॉनिक्स/भौतिकी में बी.ई./बी.टेक../एम.एस.सी. या समकक्ष<br>वांछनीय: एम्बेडेड सिस्टम डिज़ाइन में अनुभव | 35 वर्ष | # पीएटी-1 के लिए नियमानुसार 25000/- प्रतिमाह |
| 3277 | **आईएचपी 202404**<br><br>3D सेंसिंग प्रौद्योगिकी समर्थित सशक्त एवं दक्ष चेहरा पहचान प्रणाली, स्पूफिंग रोधी संसूचन सहित | प्रगत सूचना प्रौद्योगिकी समूह (एआईटीजी) | पीएटी-1<br>एवं<br>01 | **बी.ई./बी.टेक.** – इलेक्ट्रॉनिक्स एवं विद्युत अभियांत्रिकी (ईईई) / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन / इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी / कंप्यूटर साइंस एवं अभियांत्रिकी / सूचना प्रौद्योगिकी या समकक्ष।<br>**वांछनीय :** पाइथन, मशीन लर्निंग एवं डीप लर्निंग सॉफ़्टवेयर विकास में कार्यानुभव एवं क्षेत्र का ज्ञान।<br>**परियोजना का कार्यक्षेत्र :** मशीन लर्निंग / डीप लर्निंग / कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) आधारित प्रणाली का विकास। | 35 वर्ष | #₹31000/- एवं नियमानुसार एचआरए या 25000/- प्रतिमाह एवं नियमानुसार एचआरए |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3278 | **जीएपी – 3344**<br><br>कृषि उत्पादों, जड़ी-बूटियों एवं खाद्य वस्तुओं के लिए माइक्रोवेव आधारित नवीन शुष्कन प्रणाली। | उच्च शक्ति सूक्ष्म तरंग प्रणाली समूह (एचपीएमएसजी) | जेआरएफ एवं 01#<br><br># यदि जेआरएफ नहीं मिला तो परियोजना सहायक (पीएटी) I/II लिए जा सकते हैं। | **जेआरएफ (JRF):** इलेक्ट्रॉनिक्स / एप्लाइड इलेक्ट्रॉनिक्स में स्नातकोत्तर डिग्री **या**<br><br>बी.ई./बी.टेक./एम.ई./एम.टेक. – ईईई / इलेक्ट्रॉनिक्स / विद्युत अभियांत्रिकी (पावर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं ड्राइव्स / हाई वोल्टेज इंजीनियरिंग) / विद्युत अभियांत्रिकी / ईसीई / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन / इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग या समकक्ष।<br><br>**चयन प्रक्रिया (निम्न में से किसी एक के माध्यम से चयनित):**<br><br>(a) सीएसआईआर-यूजीसी नेट (व्याख्यान हेतु अर्हता सहित) एवं गेट जैसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षाओं के माध्यम से चयनित विद्वान। (b) केंद्रीय सरकार के विभागों एवं उनकी एजेंसियों/संस्थानों (जैसे डीएसटी, डीबीटी, डीएई, डीओएस, डीआरडीओ, एमओई, आईसीएआर, आईसीएमआर, आईआईटी, आईआईएससी, आईआईएसईआर, एनआईएसईआर आदि) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के माध्यम से चयन।<br><br>**पीएटी – I:** बी.ई./बी.टेक. – विद्युत अभियांत्रिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी / इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन | 35 वर्ष | जेआरएफ ₹37000/-<br>पीएटी-I: ₹ 25,000/-<br>पीएटी-II: ₹35000/-<br>+<br>नियमानुसार एचआरए |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | या समकक्ष।<br><br>**पीएटी – II:** एम.ई./एम.टेक. – पावर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड ड्राइव्स / हाई वोल्टेज इंजीनियरिंग / विद्युत अभियांत्रिकी या समकक्ष।<br><br>**वांछनीय योग्यताएँ:** हाई वोल्टेज परीक्षण, पीसीबी डिज़ाइन, माइक्रोकंट्रोलर प्रोग्रामिंग, MATLAB / PSIM / LTSPICE सिमुलेशन का ज्ञान वांछनीय। | | |
| 3279 | **जीएपी-6523**<br><br>मल्टीपोर्ट स्विच युक्त सिंगल ब्रॉडबैंड एंटीना के लिए ट्यून करने योग्य इम्पीडेंस मैचिंग नेटवर्क का विकास, जो 2G, 3G, 4G तथा 5G बैंड को कवर कर सके। | सेमीकंडक्टर प्रोसेस टेक्नोलॉजी समूह | पीएटी-1 एवं 01 | बी.ई./बी.टेक./एम.एस.सी. (इलेक्ट्रॉनिक्स / ईसीई / ईईई / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन / विद्युत अभियांत्रिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार / माइक्रोवेव / मेकाट्रॉनिक्स / मेम्स / भौतिकी) या समकक्ष। | 35 वर्ष | पीएटी-1 के लिए सीएसआईआर नियमानुसार प्रतिमाह ₹ 31000 या ₹ 25000 |
| 3280 | **जीएपी 6224**<br><br>दिव्यांगजनों के लिए पॉवर-असिस्टिव हाइब्रिड ई-ट्राइक का बड़े पैमाने पर तैनाती एवं विस्तारीकरण; पीएएच ई-ट्राइक चरण-॥ | सामाजिक इलेक्ट्रॉनिकी समूह | पीएटी-1 एवं 01 तथा प्रयोगशाला सहायक/ तकनीशियन/ तकनीकी सहायक/फील्ड सहायक एवं 01 | **परियोजना सहायक – I**<br><br>**अनिवार्य अर्हता :** प्राकृतिक या कृषि विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री / एमवीएससी या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अभियांत्रिकी, प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातक डिग्री या समकक्ष।<br><br>**पात्रता :** एमएससी/बीई/बीटेक – इलेक्ट्रॉनिक्स / इंस्ट्रूमेंटेशन / नियंत्रण प्रणाली / पावर इलेक्ट्रॉनिक्स / विद्युत अभियांत्रिकी / ईईई / मैकेनिकल इंजीनियरिंग / एम्बेडेड सिस्टम / रोबोटिक्स / मेकाट्रॉनिक्स / कंप्यूटर साइंस / ईईई / एआई आदि में | पीएटी - 1 के लिए 35 वर्ष एवं लैब सहायक / तकनीशियन / तक. सहायक / फील्ड सहायक के लिए 50 वर्ष | पीएटी-1 के लिए प्रतिमाह ₹31,000 /- ,<br><br>लैब सहायक / तकनीशियन / तक. सहायक / फील्ड सहायक के लिए प्रतिमाह ₹ 20,000 /- (एचआरए) |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विशेषज्ञता सहित।<br><br>**वांछनीय :** गेट/नेट उत्तीर्ण उम्मीदवार। नियंत्रण प्रणाली, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, एम्बेडेड सिस्टम, सी / MATLAB / पायथन में प्रोग्रामिंग, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग आदि में अनुभव।<br><br>**लैब सहायक / तकनीशियन / तकनीकी सहायक / फील्ड सहायक:**<br><br>**अनिवार्य अर्हता:** बीएससी / इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी में 3 वर्षीय डिप्लोमा।<br><br>**पात्रता :** इलेक्ट्रॉनिक्स / विद्युत / कंप्यूटर / रोबोटिक्स / मैकेनिकल / ईवी आदि में विशेषज्ञता।<br><br>**वांछनीय :** नियंत्रण प्रणाली, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, ईवी, रोबोटिक्स आदि में अनुभव। | | |

***उपर्युक्त अर्हता रखने वाले, किंतु अनुभवहीन उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं; वे PAT-I पद के लिए पात्र होंगे।***

**PAT – I के लिए :**

(i) ₹31,000/- + एचआरए, उन स्कॉलर्स के लिए जो निम्नलिखित में से किसी माध्यम से चयनित हुए हों –
(a) राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा – CSIR-UGC NET (व्याख्यान हेतु अर्हता सहित) या GATE
(b) राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं जो भारत सरकार के केंद्रीय विभागों एवं उनकी एजेंसियों/संस्थानों (जैसे DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MHRD, ICAR, ICMR, IIT, IISc, IISER आदि) द्वारा आयोजित की जाती हैं।

(ii) ₹25,000/- + एचआरए अन्य सभी के लिए जो उपर्युक्त श्रेणी (i) में नहीं आते हैं।

**PAT – II के लिए :**

(i) ₹35,000/- + एचआरए उन स्कॉलर्स के लिए जो निम्न में से किसी माध्यम से चयनित हुए हों –
(a) राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा – CSIR-UGC NET (व्याख्यान हेतु अर्हता सहित) या GATE

(b) राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं जो भारत सरकार के केंद्रीय विभागों एवं उनकी एजेंसियों/संस्थानों (जैसे DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MHRD, ICAR, ICMR, IIT, IISc, IISER आदि) द्वारा आयोजित की जाती हैं।

(ii) ₹28,000/- + एचआरए अन्य सभी के लिए जो उपर्युक्त श्रेणी (i) में नहीं आते हैं।

**<u>AcSIR पी.एच.डी. (इंजीनियरिंग/IDDP) छात्रों के लिए:</u>**

1. **जिन छात्रों के पास कोई फेलोशिप नहीं है**, वे केवल तभी आवेदन कर सकते हैं जब उनकी पी.एच.डी. का अनुसंधान क्षेत्र उस परियोजना के अनुसंधान क्षेत्र से मेल खाता हो। आवेदन करने से पूर्व, छात्र को अपने सुपरवाइज़र, परियोजना प्रमुख (PI) तथा निदेशक की अनुमति प्राप्त करनी होगी। इस अनुमति की स्कैन की हुई प्रति पोर्टल पर अपलोड करनी अनिवार्य है।
2. **जिन छात्रों के पास फेलोशिप है**, वे आवेदन के पात्र **नहीं** हैं।

उपरोक्त योग्यता को पूर्ण करने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों को सीएसआईआर-सीरी की वेबसाइट पर उपलब्ध **ऑनलाइन पोर्टल** के माध्यम से आवेदन करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र सफलतापूर्वक जमा करने के पश्चात्, अभ्यर्थी को उसका **प्रिंटआउट** अवश्य लेना होगा।

**शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को 'ईमेल / संस्थान की वेबसाइट' के माध्यम से साक्षात्कार की तिथि एवं समय की सूचना दी जाएगी।**

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे संस्थान की वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें। शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को "**Microsoft Teams (MS Teams)**" के माध्यम से साक्षात्कार में भाग लेना होगा। अभ्यर्थियों को **गेस्ट** के रूप में MS Teams में शामिल किया जाएगा, जिसके लिए लिंक पंजीकृत ईमेल पर भेजी जाएगी।

**चयनित अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे चयन के तुरंत बाद कार्यभार ग्रहण करें** तथा कार्यग्रहण के समय **सभी मूल प्रमाण-पत्र** (आवेदन पत्र, अंकतालिकाएं, प्रमाण-पत्र आदि) तथा एक पासपोर्ट आकार का **फोटोग्राफ** साथ लाएं। मूल दस्तावेज़ प्रस्तुत न करने की स्थिति में उनकी नियुक्ति रद्द की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **भर्ती संबंधी पूछताछ के लिए संपर्क करें :**<br>**श्री राजन तिर्की**<br>अनुभाग अधिकारी<br>सीएसआईआर-सीरी, पिलानी<br>**ईमेल:** recruitment@ceeri.res.in<br>**फोन:** 01596-252275 | **तकनीकी पूछताछ के लिए संपर्क करें:**<br>**श्री संजीव कुमार**<br>एडवांस्ड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ग्रुप<br>सीएसआईआर-सीरी, पिलानी<br>**ईमेल:** sanjeevkumar@ceeri.res.in<br>**फोन:** 01596-252282 |

**<u>अन्य शर्तें:</u>**

1. वे अभ्यर्थी जिन्होंने पहले सीएसआईआर-सीरी या सीएसआईआर की किसी अन्य प्रयोगशाला/संस्थान में परियोजना कार्मिक जैसे कि परियोजना सहायक / पीएटी-I/II / जूनियर रिसर्च फेलो (संविदा अनुसंधान परियोजनाओं में) / सीनियर रिसर्च फेलो (संविदा अनुसंधान परियोजनाओं में) / रिसर्च एसोसिएट / पीएटी-I/II आदि के रूप में कुल 6 वर्ष या उससे अधिक की अवधि तक कार्य किया है, वे इन पदों के

लिए पात्र नहीं हैं। जिन अभ्यर्थियों ने 6 वर्ष से कम अवधि तक सेवा दी है, उन्हें शेष अवधि के लिए नियुक्ति दी जा सकती है, ताकि कुल सेवा अवधि 6 वर्ष से अधिक न हो।

2. **नियुक्ति की अवधि:** प्रारंभ में 6 माह अथवा वर्तमान परियोजना की समाप्ति तक अथवा परियोजना में कार्य की उपलब्धता तक, इनमें से जो भी पहले हो। कार्य संतोषजनक पाए जाने पर परियोजना की अवधि के अनुसार छह-छह माह की वृद्धि की जा सकती है। रिसर्च एसोसिएट, परियोजना सहायक, पीएटी-I/II, जेआरएफ/एसआरएफ आदि के रूप में अधिकतम कुल कार्यकाल 6 वर्षों से अधिक नहीं होगा। इस 6 वर्षों की कुल अवधि की गणना सीएसआईआर-सीरी, पिलानी अथवा सीएसआईआर की अन्य प्रयोगशालाओं/संस्थानों में एक या एक से अधिक परियोजनाओं में रिसर्च एसोसिएट,परियोजना सहायक, पीएटी-I/II आदि या किसी अन्य पदनाम वाले समान पदों पर की गई कार्य अवधि को मिलाकर की जाएगी।
3. **सभी अभ्यर्थियों को विज्ञापन में उल्लिखित अनिवार्य शैक्षणिक अर्हताएं एवं अन्य शर्तें ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तक पूरी करनी होंगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पूर्व सुनिश्चित कर लें कि वे अंतिम तिथि तक कम से कम आवश्यक अर्हता अवश्य रखते हैं।**
4. ऊपरी आयु सीमा, शैक्षणिक अर्हता एवं/या अनुभव निर्धारित करने की तिथि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि होगी।
5. वैज्ञानिक प्रशासनिक सहायक / परियोजना सहायक, पीएटी-I/II, जेआरएफ, एसआरएफ आदि की नियुक्ति परियोजनाओं के प्रायोजक की ओर से की जाएगी। ये सीएसआईआर-सीरी/सीएसआईआर के पद नहीं हैं और इन पदों पर कार्य करने से किसी भी रूप में (स्पष्ट या निहित) सीएसआईआर-सीरी/सीएसआईआर में भविष्य में नियुक्ति का कोई अधिकार नहीं होगा।
6. **आरक्षण:** आरक्षण के संबंध में, यदि सभी मानदंड समान हों, तो अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / दिव्यांगजन / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की तुलना में प्राथमिकता दी जा सकती है ताकि उनकी समुचित भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।
7. **अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियां सीएसआईआर-सीरी के प्रोजेक्ट स्टाफ भर्ती पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी:**
   **a.** प्रोजेक्ट स्टाफ पदों के लिए आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को निम्नलिखित **शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों** की स्कैन की हुई प्रतियां अपलोड करनी होंगी:
      i. 10वीं कक्षा का प्रमाण-पत्र
      ii. 12वीं कक्षा का प्रमाण-पत्र
      iii. डिप्लोमा डिग्री
      iv. स्नातक डिग्री (बी.ए./ बी.कॉम./ बी.बी.ए./ बी.सी.ए./ बी.एससी./ बी.ई./ बी.टेक. आदि)
      v. स्नातकोत्तर डिग्री (एम.एससी./ एम.ई./ एम.टेक./ एम.एस. आदि)

**विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यक शैक्षणिक अर्हता** का प्रमाण पत्र / सेमेस्टर मार्कशीट या अंतिम अंकतालिका अनिवार्य है। इसके साथ, डिग्री अवार्ड प्रमाण-पत्र या अनंतिम (Provisional) डिग्री प्रमाण-पत्र भी अनिवार्य है। प्रतिशत अथवा सीजीपीए / डीजीपीए स्पष्ट रूप से किसी एक प्रमाण पत्र पर अंकित होना चाहिए। यदि प्रमाण पत्र पर उपयुक्त प्रतिशत/सीजीपीए/डीजीपीए/ग्रेड अंकित नहीं है, तो आवेदन पर विचार नहीं किया जा सकता। अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उसके अनुसार उपयुक्त प्रमाण-पत्र अपलोड करें ताकि उनकी पात्रता सिद्ध हो सके।

**b. जन्म तिथि का प्रमाण-पत्र** (कोई वैध प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि अंकित हो, जैसे 10वीं कक्षा का प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र आदि)

**c. आरक्षण प्रमाण-पत्र** (यदि अभ्यर्थी SC/ST/OBC/PWBD/EWS वर्ग से संबंधित हों)

**d. NET/ GATE/ अन्य समकक्ष परीक्षा का प्रमाण-पत्र** (यदि लागू हो)

**e. अनुभव प्रमाण-पत्र** (उन पदों के लिए आवश्यक है जिनके लिए अनुभव आवश्यक अर्हता है)

**f. अन्य प्रमाण-पत्र** (यदि लागू हो)

8. यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, तो बिना कोई कारण बताए उनका आवेदन रद्द कर दिया जाएगा। चयन प्रक्रिया के संबंध में सीएसआईआर-सीरी का निर्णय अंतिम एवं सभी के लिए बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

9. प्राप्त आवेदनों की जांच एक उचित रूप से गठित स्थायी स्क्रीनिंग समिति द्वारा की जाएगी। यह समिति परियोजना की आवश्यकता के अनुसार चयन के लिए विभिन्न मानदंड तय कर सकती है। चयनित अभ्यर्थियों को ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। यदि ऑनलाइन आवेदन में कोई गलत जानकारी पाई जाती है, तो सक्षम प्राधिकारी उस अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर देगा और भविष्य में साक्षात्कार में भाग लेने से वंचित कर सकता है।

10. शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को ई-मेल के माध्यम से साक्षात्कार की तिथि एवं समय, ऑनलाइन मोड की लिंक/जानकारी, शर्तें आदि की सूचना दी जाएगी। अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण-पत्रों की सत्यता की पुष्टि के बाद ही शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।

11. चयन समिति, अभ्यर्थियों के प्रदर्शन और उपयुक्त अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर भविष्य की आवश्यकता के लिए प्रतीक्षा सूची (पैनल) भी अनुशंसित कर सकती है। चयन प्रक्रिया अभ्यर्थियों की नियुक्ति के पश्चात ही पूर्ण मानी जाएगी।

12. यदि किसी अभ्यर्थी की उम्मीदवारी में किसी भी स्तर पर कोई त्रुटि पाई जाती है, तो अस्थायी नियुक्ति के प्रस्ताव को रद्द या निरस्त करने का अधिकार सीएसआईआर-सीरी के पास सुरक्षित है।

13. पदों की संख्या आवश्यकतानुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

14. उपर्युक्त परियोजना कर्मियों की अस्थायी नियुक्ति हेतु अन्य नियम एवं शर्तें, समय-समय पर संशोधित निधि प्रदाता संस्था/सीएसआईआर/सीरी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार नियंत्रित/शासित होंगी।

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय: 06.06.2025, शाम 05:00 बजे तक।** इसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनुभाग अधिकारी**